विजयवर्गीय, श्री कैलाश

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- डॉ. अम्बेडकरनगर-महू (209)

पिता का नाम-	स्व. श्री शंकरदयाल विजयवर्गीय
जन्म तिथि-	13 मई,1956
जन्म स्थान-	इन्दौर
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती आशा विजयवर्गीय
संतान-	2 पुत्र
शैक्षणिक योग्यता-	बी.एस-सी., एल-एल.बी.
व्यवसाय-	समाज सेवा
अभिरुचि-	संगीत, खेलकूद
स्थायी पता-	880/9, नंदानगर, जिला-इन्दौर (म.प्र.) दूरभाष-(0731) 2550088, 2575577 ई-मेल- k.vijayvargiya@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	बी-10, (74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2578540, 2441161

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

1975 में विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्र राजनीति में प्रवेश. 1983 में नगर निगम इंदौर के पार्षद एवं 1985 में स्थायी समिति के अध्यक्ष तथा भा.ज.यु. मोर्चा के प्रदेश मंत्री. भा.ज.पा. इंदौर के संगठन मंत्री तथा विद्यार्थी मोर्चे के प्रदेश संयोजक. 1990 में नौवीं एवं 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. सार्वजनिक उपक्रम समिति एवं लोक लेखा समिति के सदस्य. 1992 में भा.ज.यु.मो. के प्रदेश उपाध्यक्ष. 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. भा.ज.यु. मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष. गुजरात के युवा मोर्चा प्रभारी. 2000 से इंदौर नगर निगम के महापौर. अखिल भारतीय महापौर संघ के उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष. 2001 में चीन एवं अमेरिका तथा 2002 में जोहान्सवर्ग की यात्रा. 2002 में भा.ज.पा. के स्थानीय प्रशासन मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोनीत. 2003 में साउथ एशिया महापौर परिषद के संयोजक. भा.ज.पा. मध्यप्रदेश के प्रवक्ता. नंदानगर नवयुवक रामायण मंडल के संस्थापक. रामायण मंडल संगठनों के अध्यक्ष एवं इंदौर के अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से संबद्ध. लकी वाण्डरर्स स्पोर्ट्स केयर के संरक्षक. विधान सभा की कार्य मंत्रणा एवं शासन की अनेक मंत्रिमंडलीय उप समितियों के सदस्य. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, लोक निर्माण विभाग, संसदीय कार्य, नगरीय प्रशासन विकास (सिंहस्थ कुंभ संबंधित कार्य.), धार्मिक न्यास, धर्मस्व व पुनर्वास तदनंतर ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी तथा लोक निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान और टेक्नालॉजी रहे. सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार, सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान और टेक्नालॉजी, सार्वजनिक उपक्रम, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, ग्रामोद्योग, संसदीय कार्य, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी रहे.

सन् 2013 में छठी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित एवं दिनांक 6 जुलाई, 2015 तक मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास एवं पर्यावरण विभाग रहे.